3 केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को प्रदर्शित करती तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से आमजनों को त्वरित राहत

**कोरबा।** शासन की जन हितकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ आमजनों तक समय पर पहुंचाने तथा उनकी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एक भरोसेमंद माध्यम के रूप में स्थापित हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों एवं मांगों की लगातार निगरानी करते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। जिले में 19 जून की सुबह तक राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, विद्युत, पेयजल, खाद्य, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 1311 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 388 से अधिक आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण कर हितग्राहियों को राहत प्रदान की गई है, जबकि 374 से अधिक आवेदन वर्तमान में प्रक्रियाधीन हैं। शेष प्रकरणों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

### योग संगम पोर्टल पर पंजीयन कर बनें योग दिवस अभियान का हिस्सा

**कोरबा।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रातः 7 बजे से 7.45 बजे तक जिले सहित पूरे प्रदेश में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग निर्धारित की गई है। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में इस जन स्वास्थ्य अभियान से जुड़ने की अपील की गई है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को व्यापक जनभागीदारी के साथ मनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अंतर्गत शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, स्वयंसेवी संगठनों, महिला एवं युवा समूहों सहित सभी नागरिकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन की सूचना

**कोरबा।** जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं डाईट आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं संस्थान में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो राज्य शासन द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं उन्हे सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2026-27 छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन/प्रस्ताव/स्वीकृति की तिथि निर्धारित की गई है। नवीनीकरण हेतु विद्यार्थियों द्वारा आनलाइन आवेदन प्राप्ति तिथि क्रमशः 30 जून तक, 30 सितंबर तक, 30 नवंबर तक एवं 30 दिसंबर तक निर्धारित की गई है।

### सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा में जिले की होगी सहभागिता

**कोरबा।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष पूर्ण होने पर दिनांक 22 से 26 जून तक सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा रायपुर से सोमनाथ गुजरात तक आयोजित की जा रही हैं। सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा में जिले से 20 विशिष्टजन 22 जून को सुबह 7 बजे रायपुर से विशेष ट्रेन से सोमनाथ गुजरात के लिए रवाना होंगे। इस सम्बन्ध में नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने बताया कि जिले से 20 विशिष्टजनों का दल जिले के धार्मिक, ऐतिहासिक, पुरातत्विक शिवालय के पावन भूमि के माटी कलश एवं पावन नदी के जल कलश के साथ पांच दिवसीय सांस्कृतिक यात्रा के लिए 21 जून को रायपुर रवाना होंगे।

## स्टेडियम में अस्थायी रुप से इस वर्ष से होगा संचालित

# इंदिरा स्टेडियम के समीप तैयार किया जाएगा आदिवासी बच्चों के लिए सौ सीटर क्रीड़ा परिसर



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री की घोषणा पर जिला प्रशासन ने अमल शुरु कर दिया है। आदिवासी वर्ग के बच्चों के लिए सौ सीटर क्रीड़ा परिसर इस वर्ष से अस्थायी रुप से इंदिरा स्टेडियम में ही संचालित किए जाने की तैयारी शुरु हो गई है। संभवतः अगस्त माह से इसका संचालन शुरु हो जाएगा। वहीं क्रीड़ा परिसर की बिल्डिंग का निर्माण भी इंदिरा स्टेडियम के समीप ही किए जाने का निर्णय लिया गया है। राजस्व विभाग ने इसके लिए जमीन का चयन भी कर लिया है।

आदिवासी वर्ग के छात्रों को आवासीय खेल सुविधा के लिए क्रीड़ा परिसर की घोषणा मुख्यमंत्री के द्वारा बीते वर्ष अपने कोरबा प्रवास के दौरान मध्य क्षेत्रीय आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक के दौरान की थी। उस घोषणा पर अमल होने जा रहा है। सौ सीटर क्रीड़ा परिसर के लिए बिल्डिंग का निर्माण इंदिरा स्टेडियम के समीप रिक्त पड़ी शासकीय जमीन में ही किया जाएगा। जिसके लिए जमीन चयन का काम राजस्व विभाग द्वारा किया जा रहा है। पिछले दिनों कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आदिवासी विकास एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर क्रीड़ा परिसर शुरु करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए थे। इंदिरा स्टेडियम जैसी खेल के क्षेत्र में बड़ी सुविधा होने की वजह से क्रीड़ा परिसर का निर्माण इंदिरा स्टेडियम के समीप खाली पड़ी शासकीय जमीनों में किए जाने का निर्णय लिया गया है। उसके पहले अस्थायी रुप से क्रीड़ा परिसर को अगस्त 2026 से ही इंदिरा स्टेडियम में ही संचालित किए जाने की तैयारी चल रही है। आदिवासी वर्ग के छात्रों के लिए तैयार हो रहे इस आवासीय क्रीड़ा परिसर में कबड्डी, खो खो, तैराकी और एथलेटिक्स खेल के छात्रों को ही प्रवेश दिया जाएगा। कक्षा 6वीं से 12वीं तक चलने वाले इस आवासीय क्रीड़ा परिसर में प्रवेश के लिए भी चयन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। जिसके लिए टेस्ट लिया जाएगा।

**खास बात**

- खो-खो, कबड्डी, तैराकी और एथलेटिक्स के खिलाड़ियों को मिलेगा प्रवेश

### चयन हेतु 10 बैटरी टेस्ट

आवासीय क्रीड़ा परिसर में खिलाड़ी चयन के लिए 10 बैटरी टेस्ट लिए जाएंगे जिसमें 50 मीटर, सौ मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, शटल दौड़, स्टैडिंग ब्राड जंप, गतिशील संतुलन परीक्षण, अपर बॉडी बैंडिंग, पुशअप, लेग रेजिन, सीटअप, 400, 800 मीटर दौड़ शामिल हैं। इन खेल में चयनित खिलाड़ियों को ही प्रवेश दिया जाएगा और साथ ही आसपास के स्कूलों के छात्रों को पढ़ाई के लिए प्रवेश दिलाया जाएगा।

### जिले का पहला आवासीय क्रीड़ा परिसर

प्रशासन के द्वारा शुरु किए जाने वाला जिले का पहला आवासीय क्रीड़ा परिसर है। जहां खिलाड़ियों के आवास और शिक्षा के साथ उन्हें खेल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आदिवासी विकास विभाग को संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। जिसके द्वारा खिलाड़ियों के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण अधिकारी पीटीआई आदि संसाधनों की जिम्मेदारी निभाई जाएगी।

### अगस्त से शुरु करने की तैयारी

आवासीय क्रीड़ा परिसर आदिवासी वर्ग के छात्रों के लिए है। सौ सीटर आवासीय क्रीड़ा परिसर की बिल्डिंग का निर्माण इंदिरा स्टेडियम के समीप रिक्त पड़ी शासकीय जमीन में किए जाने की तैयारी है। अस्थायी रुप से क्रीड़ा परिसर को अगस्त महीने से ही इंदिरा स्टेडियम में ही शुरु किए जाने की तैयारी चल रही है।

\- **श्रीकांत कसेर**, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग

# आकांक्षी ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा के 45 क्षेत्र पहुंचवीहिन, जहां बनेंगी सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

पहुंचविहिन क्षेत्रों में सड़क निर्माण का कार्य जिले के सभी विकासखंडों में प्राथमिकता से चल रहा है। इनमें आकांक्षी ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा में सबसे ज्यादा 45 क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण किया जाएगा। ये ऐसे क्षेत्र हैं जो बरसात के दिनों में अपने पंचायत मुख्यालय से भी कट जाते थे। जिससे शासकीय सुविधाएं इन क्षेत्रों के निवासियों तक पहुंचना कठिन हुआ करता था।

सड़कों के निर्माण को लेकर डीएमफ से राशि जारी की जा रही है। बीते वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले के 55 पहुंचविहिन क्षेत्रों में सड़क निर्माण के लिए राशि जारी की गई थी जिनमें 45 सड़कें अकेले पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के लिए स्वीकृत हुई थी लेकिन तकनीकी कारणों से राशि जारी नहीं होने की वजह से निर्माण कार्य शुरु नहीं हो सका था और बीते एक वर्ष से पहुंचविहिन क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण रुका हुआ था। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अधोसंरचना विकास के लिए डीएमएफ से राशि जारी करने की तैयारी की गई है। इन अधोसंरचना विकास में पहुंच मार्ग को प्राथमिकता दी गई है और वनांचल और पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित पहुंचविहिन ग्रामों में सड़कों का निर्माण करने का निर्णय लिया गया है। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड जिले का सबसे बड़ा विकासखंड है। सौ ग्राम पंचायत और 212 ग्रामों वाले इस विकासखंड में अधिकांश छोटे गांव पहाड़ों और जंगलों में बसे हुए हैं। इसे देखते हुए इस ब्लॉक को केंद्र सरकार ने अपनी आकांक्षी योजना में शामिल किया है। जिले का यह एक मात्र आकांक्षी ब्लॉक है इस वजह से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के तहत इस ब्लॉक में प्राथमिकता से काम हो रहे हैं।

**खास बातें**

- डीएमएफ से जारी होगी निर्माण के लिए राशि
- बरसात के दिनों में इन क्षेत्रों में सड़क निर्माण के लिए किया गया था चयनित

### इन क्षेत्रों में होगा सड़कों का निर्माण

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत जिन 45 पहुंचविहिन क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण होगा उनमें बांगो क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लेपरा, बगदरीडांड़, घुमानीडांड़, कोडगार, दुल्लापुर, अड़सरा एवं पसान क्षेत्र अंतर्गत कारीमाटी तथा कोरबी चोटिया अंतर्गत भुंजगकछार, देवपट्टी आदि गांव शामिल हैं।

## झाड़ियों में मिला नरकंकाल पुलिस करा रही फोरेंसिक जांच

राहौद। राहौद के समतला तालाब से लगे खेत में एक नरकंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर कपड़े व चप्पल के आधार पर वहीं के गुम इंसान का कंकाल होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि पुलिस मर्ग कायम कर फारेंसिक जांच करा रही है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसर गुरुवार 18 जून को नगर के वार्ड क्रमांक 14 में स्थित समतला तालाब से लगे खेत में बबूल पेड़ के नीचे नर कंकाल, गमछा , जींस व चप्पल सहित अन्य सामान मौजूद था। कंकाल मिलने खबर नगर में आग की तरह फ़ैल गई और लोगों की भीड़ जुटने लगी। वहीं राहौद पुलिस भी नर कंकाल मिलने की सूचना प्राप्त होते ही घटना स्थल पहुंची और प्रारंभिक जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार नगर के मिट्ठ लाल यादव ने साल भर पहले गुम हुए अपने पुत्र के रूप में नर कंकाल की पहचान की है। मिट्ठ यादव ने घटनास्थल पर मिली जींस पेंट, बेल्ट व कपड़ा के आधार पर अपने पुत्र शिवकुमार यादव की नर कंकाल होने की बात कही है। वहीं राहौद पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम व फारेंसिक जांच के लिए कंकाल को बिलासपुर भेजे दिया है।

# दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा डिवाइडर का टुकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



सड़क पर पड़ा क्षतिग्रस्त डिवाइडर का हिस्सा।

हरदीबाजार दीपका बाईपास सड़क निर्माण हुए दो वर्ष हो गए, इस सड़क में दुर्घटना से कितनों की जाने चली गई, वही घटिया सड़क, धुल के गुब्बार से निजात, सड़क दुघर्टना रोकने, सुगम यातायत व्यवस्था बनी रहे जिसके लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों ने अथक लड़ाई लडी, धरना प्रदर्शन किया, सड़क जाम करने के बाद दीपका हरदीबाजार बाईपास का निर्माण संभव हो पाया। सड़क निर्माण तो हो गया उसके बाद भारी वाहनों व छोटी वाहनों के लिए अलग सड़क व्यवस्था के लिए सड़क पर डिवाइडर, रात में सड़क आवागमन में दुर्घटना से बचने लाईट की मांग एसईसीएल दीपका-गेवरा प्रबंधन से की गई वह भी देर सबेरे हुआ लेकिन अब भी समस्या बिन देख रेख रखरखाव के कारण जस के तस ही बनी हुई है। दीपका बाईपास पर दो से तीन स्थानों पर डिवाइडर का टुकड़ा टेलर चालकों की लापरवाही से टकराकर छोटी वाहन चलाने वाले सड़क पर आकर दुर्घटना को निमंत्रण दे रही है। कांक्रीट से बनी वजनी होने के कारण बिना मशीन के सहायता से इसे हटा पाना मुश्किल है। ऐसा नहीं है कि इस मार्ग से एसईसीएल दीपका -गेवरा प्रबंधन के अधिकारियों का आना-जाना नही होता हो उसके बावजूद भी प्रबन्धन के अधिकारी आंखें बंद किए हुए आवागमन कर रहे हैं। ऐसा नहीं है इस बिखरें डिवाइडर से दुर्घटना नही हुई कई बाईक चालक व कार चालक दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं, जिसकी एक मुख्य वजह सड़क पर लगी स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई है ।

# रायपुर-गेवरारोड-रायपुर मेमू पैसेंजर तथा रायपुर-कोरबा-रायपुर पैसेंजर में आंशिक परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत बिलासपुर-चांपा चौथी लाइन परियोजना के अंतर्गत जांजगीर-नैला स्टेशन पर अप ग्रिड में ऑटो सिग्नलिंग सहित चौथी लाइन कनेक्टिविटी के कमीशनिंग कार्य हेतु नॉन-इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों को विभिन्न तिथियों में रद्द होने की घोषणा की गई थी । जिसमें से रेलवे प्रशासन द्वारा रायपुर-गेवरारोड-रायपुर मेमू पैसेंजर तथा रायपुर-कोरबा-रायपुर पैसेंजर के रद्द होने की तिथियों में आंशिक संशोधन किया गया है। जिनमें 22 जून से 3 जुलाई तक रायपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 68746 रायपुर–गेवरा रोड मेमू पैसेंजर तथा 23 जून से 4 जुलाई तक गेवरा रोड से चलने वाली 68745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। इसी तरह 22 जून से 3 जुलाई तक रायपुर से चलने वाली 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर तथा 23 जून से 4 जुलाई तक कोरबा से चलने वाली 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।

**खास बात**

- मंडल के जांजगीर-नैला स्टेशन में ऑटो सिग्नलिंग सहित चौथी लाइन कनेक्टिविटी का हो रहा कार्य

### हसदेव एक्सप्रेस में लगेंगे एक्स्ट्रा कोच

रेलवे प्रशासन द्वारा नीट-2026 परीक्षा में शामिल होने जा रहे अभ्यर्थियों एवं यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। परीक्षा अवधि के दौरान संभावित अधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे द्वारा 10 ट्रेनों में 40 अतिरिक्त सामान्य कोच लगाए जा रहे हैं। इससे अधिक सीट उपलब्धता सुनिश्चित होगी और अभ्यर्थियों सहित यात्रियों को सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा। दक्षिण-पूर्व-मध्य रेल्वे बिलासपुर की ओर से कुल 10 ट्रेनों में यह सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इनमें कोरबा से चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस भी शामिल है, जिसमें दोनों दिशाओं में 7 साधारण अतिरिक्त कोच उपलब्ध रहेंगे।



## खबर संक्षेप

### राहगीर से लूट, तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** शहर के बड़पारा क्षेत्र स्थित शराब भट्ठी के पास एक युवक से मारपीट कर मोबाइल और नकदी लूटने वाले तीन आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना के महज 48 घंटे के भीतर आरोपियों को दबोचते हुए लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के अखोराखुर्द निवासी राजेश प्रसाद 16 जून को अपने मालिक के निजी कार्य से रायगढ़ आए थे। काम पूरा होने के बाद वे रेलवे स्टेशन रोड स्थित एक होटल में भोजन कर बड़पारा क्षेत्र की ओर गए। इसी दौरान तीन युवकों ने उन्हें रोककर पैसों की मांग की। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और पत्थर से सिर पर हमला कर दिया। इसके बाद उनकी जेब में रखे 100 रुपये और मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### व्यापारी से ठगी, रायपुर के युवक पर अपराध दर्ज

**रायगढ़।** जिले के लैलूंगा क्षेत्र में ऑनलाइन कारोबार के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक एल्युमिनियम व्यापारी को बाजार से कम कीमत पर माल उपलब्ध कराने का लालच देकर 50 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। आरोपी ने खुद को रायपुर का व्यापारी बताकर सौदा तय किया और एडवांस राशि मिलने के बाद संपर्क तोड़ दिया। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गांधी नगर वार्ड क्रमांक-7 निवासी विजय राणा एल्युमिनियम सेक्शन और ग्लास का व्यवसाय करते हैं। उनकी दुकान विजय एल्युमिनियम एंड ग्लास शॉप के नाम से संचालित होती है। 29 मई को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम मुकेश शर्मा बताते हुए रायपुर के भनपुरी स्थित एक फर्म का संचालक होने का दावा किया। बातचीत के दौरान आरोपी ने बाजार दर से कम कीमत पर एल्युमिनियम सेक्शन उपलब्ध कराने की पेशकश की। आकर्षक दरों के कारण विजय राणा ने पांच बंडल एल्युमिनियम सेक्शन खरीदने की सहमति दी। दोनों के बीच करीब 1.24 लाख रुपये का सौदा तय हुआ।


### एजाक्स मशीन पलटने से चालक की मौत

**रायगढ़।** शहर की महत्वाकांक्षी मरीन ड्राइव परियोजना में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे ने निर्माण कार्यों में बरती जा रही सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए। केलो नदी से पानी भरने के दौरान एक एजाक्स मिक्सर मशीन असंतुलित होकर नदी किनारे पलट गई। हादसे में मशीन चला रहे 25 वर्षीय चालक की दबकर मौत हो गई। घटना के बाद निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों और कार्य प्रणाली को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान विश्वनाथ नगेशिया उर्फ विजय 25 वर्ष निवासी चिंतापाली, जिला कोरबा के रूप में हुई है। वह मरीन ड्राइव निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार संजय केड़िया के अधीन मशीन चालक के रूप में कार्यरत था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोपहर करीब 12 बजे विश्वनाथ एजाक्स मिक्सर मशीन को केलो नदी के किनारे बने अस्थायी मार्ग तक लेकर गया था। निर्माण कार्य में उपयोग के लिए मशीन में पानी भरा जा रहा था। इसी दौरान ढलान वाले हिस्से में मशीन का संतुलन बिगड़ गया और वह नदी की ओर पलट गई। अचानक हुए हादसे में चालक को संभलने का मौका नहीं मिला और वह मशीन के नीचे दब गया। मौके पर मौजूद श्रमिकों और कर्मचारियों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। गंभीर रूप से घायल चालक को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। हादसे के बाद यह चर्चा भी शुरू हो गई कि इतनी गंभीर दुर्घटना के बावजूद पुलिस को तत्काल सूचना देने के बजाय पहले निजी अस्पताल ले जाया गया।

### निर्माणाधीन कॉलोनी में हादसा, तीन घायल

# मौत बनकर फटा जेसीबी का टायर हवा में 15 फीट उछला हेल्पर, मौत





**कैमरे में कैद हुई हादसे की तस्वीर**

घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि टायर में हवा भरी जा रही है और अगले ही पल जोरदार धमाका होता है। धमाके के साथ हेल्पर हवा में उछलता दिखाई देता है। वीडियो सामने आने के बाद हादसे की भयावहता और भी स्पष्ट हो गई है। धमाके की आवाज सुनकर आसपास काम कर रहे मजदूर और कर्मचारी कुछ देर के लिए सन्न रह गए इसके बाद होश संभालते हुए घायलों के पास पहुंचे। कई लोग हादसे की भयावहता देखकर स्तब्ध रह गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चकरभाठा थाना क्षेत्र के बोदरी स्थित फॉर्च्यून एलिमेंट की निर्माणाधीन कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर बड़ा हादसा हुआ। यहां जेसीबी के पंचर टायर में हवा भरते समय अचानक धमाका हो गया और 18 वर्षीय हेल्पर करीब 15 फीट ऊपर हवा में उछल गया। जमीन पर गिरते ही उसकी मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक निर्माणाधीन कॉलोनी परिसर में जेसीबी के टायर की हवा निकल गई। पंचर बनाने के बाद टायर में हवा भरी जा रही थी। इसी दौरान अचानक टायर तेज धमाके के साथ फट गया। धमाके की तीव्रता अधिक थी कि आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए और कुछ सेकंड के लिए पूरा परिसर में सन्नाटा छा गया। लोगों ने बताया कि धमाके के साथ ही हेल्पर उमाकांत कौशिक सीधे हवा में उछल गया। जमीन पर गिरते ही वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयावह था कि उसका जबड़ा तक उखड़कर दूर जा गिरा, उसे अस्पताल ले जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई। घटना के दौरान टायर पर बैठे तीन लोग भी घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

■ धमाके से पूरे परिसर में पसरा सन्नाटा

#### सीपत का रहने वाला था युवक

हादसे में जिस युवक की मौत हुई है उसका नाम उमाकांत कौशिक है। 18 वर्षीय उमाकांत यहां हेल्पर के तौर पर काम करता था। वह सीपत क्षेत्र का रहने वाला था। टायर फटने से जेसीबी ऑपरेटर, मैकेनिक और एक अन्य व्यक्ति भी घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है घायलों में काची झारखंड का रहने वालो ओसामा खान पिता मो साजिद मिया 32 वर्ष, पचपेड़ी निवासी अमृत यादव पिता संतोषा यादव 20 वर्ष, चकरभाठा निवासी भूपेंद्र भोसले पिता सुरेंद्र भोस्ले उम्र 36 वर्ष शामिल है।

#### मौके पर पहुंची पुलिस, जांच शुरू

घटना की सूचना मिलते ही चकरभाठा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, टायर की तकनीकी स्थिति क्या थी और सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं, इन सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। निर्माणाधीन परियोजनाओं में भारी मशीनों और बड़े टायरों की मरम्मत के दौरान विशेष सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता है। टीआई भावेश शंडे ने बताया कि अभी जांच की जा रही है, घायलों को इलाज के लिए भर्ती किया गया है, वहीं आसपास के लोगों से बयान लिया जा रहा है।

# ट्रिपल मर्डर केस का अभियुक्त दे रहा एलएलबी की परीक्षा

**कोरबा जेल से डीपी कालेज लाया गया**

- कोर्ट ने जेल अधीक्षक को दिया है निर्देश, शासकीय खर्चे पर हर परीक्षा तिथि में लाया जाएगा
- कोरबा क्षेत्र के उरगा में हुए ट्रिपल मर्डर केस का मुख्य अभियुक्त है अमेरी निवासी आशीष दास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रिपल मर्डर केस का मुख्य अभियुक्त बीएएलएलबी 10 वें सेमेस्टर की परीक्षा देगा। जिला कोर्ट कोरबा ने इस बारे में जिला जेल कोरबा में बंद जेल अधीक्षक को इस बारे में आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश पर अमेरी बिलासपुर निवासी अभियुक्त आशीष दास को कोरबा जेल से डीपी विप्र ला कालेज सरकंडा लाया गया और उसने 19 जून शुक्रवार की पहली पाली में सुबह 7 से 10 बजे तक परीक्षा दी। इस दौरान उसके परिजन भी पुलिस बल के साथ परीक्षा केन्द्र के सामने खड़े रहे।



मुख्य अभियुक्त

ध्यान रहे कि 5 लाख को ढाई करोड़ में बदलने का लालच और अंधविश्वास में 6 महीने पहले दिसंबर 2025 में तीन लोगों की हत्या की गई थी। इसमें मुख्य आरोपी आशीष दास के साथ ही पुलिस ने सहयोगी राजेंद्र जोगी, केशव सूर्यवंशी, अश्वनी कुर्रे, संजय दास और भगवत प्रसाद को गिरफ्तार किया था। दरअसल उरगा पुलिस थाना क्षेत्र के कुदरी बरबसपुर स्थित यार्ड में यह घटना हुई थी। मौके पर 5 लाख रुपयों को ढाई करोड़ में बदलने के लिए तांत्रिक प्रक्रिया की जा रही थी। इसके लिए बिलासपुर के बैगा आशीष दास की सेवाएं ली गई। लालच और अंधविश्वास के चक्कर में अशरफ मेमन, सुरेश साहू और नीतीश रात्रि की जान चली गई। तांत्रिक के कहने पर उसके सहयोगियों ने मृतकों के गले पर रस्सी डाली और उसे खींचा जिससे उनकी मौत हो गई।

#### परीक्षा देने से वंचित किया तो भविष्य पर प्रभाव

याचिका में यह भी बताया गया कि जेल में रहने के दौरान अभियुक्त आशीष दास को 31 दिसंबर 2025 को 9 वें सेमेस्टर हेतु परीक्षा केन्द्र में परीक्षा में सम्मिलित होने का आदेश कोर्ट द्वारा दिया गया था। बीएएलएलबी 9 वें सेमेस्टर में अभियुक्त 52 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हुआ है। इसलिए 10 वें सेमेस्ट के लिए भी जेल नियमावली के अनुसार शासकीय वाहन एवं शासकीय खर्चे पर पुलिस बल के साथ आरोपी को जिला जेल कोरबा से बिलासपुर परीक्षा केन्द्र भेजा जाए। कोरबा के प्रथम जिला और अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती गरिमा शर्मा की ओर से दिए गए आदेश में कहा गया कि आरोपी विधि का छात्र है, जो नियमित पढ़ाई कर रहा था। उसे परीक्षा देने से वंचित किया जाता है तो उसके भविष्य पर प्रभाव पड़ेगा। इसलिए उसे परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जाती है। साथ ही जेल अधीक्षक कोरबा को निर्देशित किया जाता है कि जेल मेनुअल के नियमानुसार आरोपी आशीष दास को 19 जून, 25 जून, 3 जुलाई, 9 जुलाई, 15 जुलाई को 10 वें सेमेस्टर की परीक्षा के लिए डीपी विप्र कालेज बिलासपुर भेजा जाए।

#### किताबों के साथ ही नोट्स और सभी सामग्री मांगी

प्रकरण में अभियुक्त आशीष दास की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पीएन पासवान व कु. निशा पासवान ने उपस्थित होकर एक याचिका जिला कोर्ट कोरबा में दायर की थी। इसमें कहा गया कि आशीष दास जेल अभिरक्षा में निरुद्ध है। वह अटल यूनिवर्सिटी की 2025-26 की मुख्य परीक्षा में बीएएलएलबी में 10 वां सेमेस्टर की परीक्षा देना चाहता है। उसका परीक्षा केन्द्र डीपी विप्र महाविद्यालय बिलासपुर में है। याचिका में कोरबा जेल से बिलासपुर के डीपी विप्र ला कालेज तक परीक्षा की तिथियों में शासकीय वाहन और शासकीय खर्चे से आने जाने की अनुमति के साथ ही पूरी किताबें एव नोट्स पेंशील, पेन एवं पठन-पाठन की समस्त सामाग्री प्रदान करने की अनुमति मांगी गई।

# महालक्ष्मी कास्टिंग कंपनी की दीवार ढही, एक महिला सहित दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले के प्लांटों में हादसों का दौर थम नहीं रहा है। गुरुवार की एक ऐसी घटना घटी की प्लांटों में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई। यहां ग्राम चिराईपानी स्थित महालक्ष्मी कास्टिंग कंपनी का स्टॉप क्वार्टर की दीवार इतनी कमजोर थी की तेज आंधी और हल्की बारिश भी सह नहीं सका और दीवार ढह गई। इस हादसे में एक गर्भवती महिला की जहां जान चली गई। वहीं दो अन्य लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। याने जिले के औद्योगिक क्षेत्र पूंजीपथरा में गुरुवार शाम आई तेज आंधी और बारिश एक परिवार के लिए जानलेवा साबित हुई। चिराईपानी स्थित एक फैक्ट्री की दीवार ढहकर श्रमिक आवास पर गिर गई, जिससे मलबे में दबने से एक गर्भवती महिला की मौत हो गई, जबकि एक दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना को लेकर कांग्रेस ने भी जांच समिति गठित कर दी है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, महालक्ष्मी कास्टिंग कंपनी और ओम रुपेश कंपनी एक-दूसरे से सटी हुई हैं। गुरुवार शाम तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई। इसी दौरान महालक्ष्मी कास्टिंग परिसर की एक बड़ी दीवार अचानक भरभराकर गिर गई और पास स्थित लेबर क्वार्टर को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के समय क्वार्टर में मौजूद रंभा, उसकी बहन रिंकी यादव और रिंकी का पति सुनील यादव मलबे के नीचे दब गए। आसपास के लोगों ने जोरदार आवाज सुनते ही मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। इधर, सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से संयुक्त रूप से बचाव अभियान चलाया। काफी मशक्कत के बाद तीनों को मलबे से बाहर निकाला गया और तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया। जहां अस्पताल में उपचार के दौरान गर्भवती महिला रंभा की मौत हो गई, जबकि रिंकी यादव और सुनील यादव का इलाज जारी है। दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तेज आंधी और बारिश के कारण दीवार कमजोर होकर ढह गई। हालांकि यह भी जांच का विषय है कि दीवार निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही या सुरक्षा मानकों की अनदेखी तो नहीं हुई थी।

# एयर फोर्स की टीम नीट का पेपर लेकर पहुंची सरगुजा, सीआरपीएफ की सुरक्षा में होगा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज में यूजी कक्षाओं में प्रवेश हेतु नीट की परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी। पेपर लीक होने के बाद फिर से इस परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है और इस बार परीक्षा में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। नीट का पेपर एयर फोर्स सरगुजा पहुंची और पेपर को फिलहाल बैंक में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखा गया है। वहीं पेपर का डिस्ट्रीब्यूशन भी सीआरपीएफ की कड़ी व्यवस्था के बीच किया जाएगा। इधर परीक्षा को लेकर एनटीए द्वारा भी विशेष गाइड लाइन जारी किए गए है जिसका पालन अभ्यर्थियों को करना होगा। बड़ी बात यह है कि पिछले बार की तुलना में नीट परीक्षा देने वालों की संख्या 273 बढ़ गई है।

बता दें कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा नीट यूजी परीक्षा का आयोजन 3 मई को किया गया था लेकिन बाद में परीक्षा के पेपर लीक हो गए जिसके बाद इस परीक्षा को ही निरस्त कर दिया गया था। एक बार फिर से एनटीए द्वारा नीट यूजी (2026) की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। 21 जून को दोपहर 2 से शाम 5.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। सरगुजा जिले की बात की जाए तो यहां परीक्षा के लिए कुल 13 केंद्र बनाए गए है इसके साथ ही इस बार परीक्षा में 5 हजार 212 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। पिछले बार पेपर लीक की समस्या और आक्रोश को देखते हुए इस बार सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। यही वजह है की नीट परीक्षा का पेपर एयर फोर्स के माध्यम से भेजा गया है। सरगुजा में भी नीट का पेपर लेकर वायु सेना के चॉपर से एयर फोर्स की टीम दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट पहुंची थी। यहां से पेपर को सीआरपीएफ की कड़ी सुरक्षा के बीच अधिकारियों द्वारा बैंक में रखा गया है। अधिकारियों का कहना है कि पेपर को परीक्षा के दिन केंद्रों में भेजा जाएगा। गोपनीय सामग्री का वितरण भी सीआरपीएफ की सुरक्षा के बीच किया जाएगा ताकि किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो। बड़ी बात यह है कि इस बार नीट की परीक्षा में अभ्यर्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। 3 मई को हुई परीक्षा में 4 हजार 939 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था और 4 हजार 763 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि इस बार परीक्षा के लिए संभाग से 5 हजार 212 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया है इस हिसाब से इस बार परीक्षा में 273 अभ्यर्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है।



#### 1.30 बजे बंद हो जाएंगे गेट

21 जून को शहर के 13 केन्द्रों में नीट की परीक्षा होगी। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शुरू होनी है लेकिन परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को कड़ी जांच व्यवस्था से गुजरना पड़ेगा। जांच के लिए केन्द्रों को सुबह 11 बजे से ही खोल दिया जाएगा। एनटीए द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार धार्मिक अथवा पारंपरिक परिधान जैसे हिजाब, पगड़ी अथवा कृपाण धारण करने वाले अभ्यर्थियों को दोपहर 12.30 बजे तक परीक्षा केन्द्र में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। अभ्यर्थियों को दोपहर 1.15 बजे तक अपनी निर्धारित सीटों पर बैठना प्रारंभ करना होगा, जबकि 1.30 बजे के पश्चात किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। एनटीए द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 1.30 बजे एवं 1.45 बजे निरीक्षकों द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए जाएंगे तथा प्रवेश पत्रों की जांच की जाएगी। दोपहर 1.45 बजे प्रश्न पुस्तिका का वितरण तथा 1.50 बजे पुस्तिका पर आवश्यक जानकारी भरने की प्रक्रिया होगी। परीक्षा का औपचारिक प्रारंभ दोपहर 2 बजे होगा।

#### पूरी हो गई है तैयारी

नीट की परीक्षा को लेकर एनटीए के निर्देशों के तहत तैयारियां पूरी कर ली गई है। नीट का पेपर लेकर एयरफोर्स की टीम सरगुजा पहुंची थी और पेपर को सुरक्षित बैंक में रखा गया है। पेपर का डिस्ट्रीब्यूशन भी कड़ी सुरक्षा के बीच होगा।

अजीत वसंत
कलेक्टर सरगुजा

# फाइनेंस कंपनियों को तगड़ा झटका 129 आर्बिट्रेशन अवार्ड याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**ऋण के जाल में फंसे 100 से अधिक किसानों को मिली राहत**




जिला न्यायालय के एक ऐतिहासिक फैसले ने निजी फायनेंस कंपनियों के मकड़जाल में फंसे 100 से अधिक किसानों और ग्रामीणों को बड़ी राहत दी है। दरअसल सिविल जिला जांजगीर-चांपा के प्रधान जिला न्यायाधीश जयदीप गर्ग ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए फाइनेंस कंपनियों के पक्ष में पारित 129 आर्बिट्रेशन प्रकरणों के अवार्ड को शून्य (वॉइड एब-इनिशियो) घोषित कर दिया है।

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वाहन खरीदने के दौरान फाइनेंस कंपनियां ग्राहकों को हायर परचेज एग्रीमेंट के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराती हैं। इन ऋणों पर 18 से 36 प्रतिशत तक ब्याज वसूला जाता है तथा ऋण चूक होने पर वाहन जब्ती और आर्बिट्रेशन की कार्रवाई की शर्तें भी अनुबंध में शामिल रहती हैं। अधिकांश मामलों में ग्रामीण और निम्न आय वर्ग के लोग ऋण नहीं चुका पाने की स्थिति में फंस जाते हैं। फाइनेंस कंपनियां स्थानीय क्षेत्राधिकार के नियमों को दरकिनार कर पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश जैसे राज्यों में अपने आर्बिट्रेटर नियुक्त करती थीं। आरोप है कि ऋणधारकों को पर्याप्त सूचना दिए बिना या उनकी अनुपस्थिति में एकतरफा अवार्ड पारित कर दिए जाते थे। बाद में इन अवार्डों के आधार पर जिला न्यायालयों में निष्पादन याचिकाएं दायर कर ग्रामीणों की संपत्तियों की कुर्की और वसूली की कार्रवाई की जाती थी। उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में कई मामलों में यह स्पष्ट किया जा चुका है कि फाइनेंस कंपनियों द्वारा इस प्रकार की एकतरफा आर्बिट्रेटर नियुक्ति विधिसम्मत नहीं है और ऐसे आर्बिट्रेटर द्वारा पारित अवार्ड प्रारंभ से ही शून्य माने जाएंगे।इन्हीं न्यायिक सिद्धांतों के आधार पर प्रधान जिला न्यायाधीश जयदीप गर्ग ने अपने न्यायालय में लंबित 129 निष्पादन प्रकरणों को शून्य घोषित करते हुए निरस्त कर दिया। इस फैसले को जिले के ग्रामीण और आम नागरिकों के हितों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है।

#### न्यायालय ने की तीखी टिप्पणी और सुनाया फैसला

जिला लोक अभियोजक संदीप बनाफर ने बताया कि इस मामले की गहन सुनवाई के बाद प्रधान जिला न्यायाधीश जयदीप गर्ग ने फायनेंस कंपनियों की इस कार्यप्रणाली को पूरी तरह से गैर कानूनी और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत पाया। इस दौरान न्यायालय ने अपने फैसले में फायनेंस कंपनियों की कार्यशैली पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा है कि मनमाना क्षेत्राधिकार अवैध है। स्थानीय सीधे साधे ग्रामीणों के खिलाफ सुदूर राज्यों में बैठकर एक तरफा आर्बिट्रेटर नियुक्त कर वहां से आदेश जारी करवाना पूरी तरह से अनुचित है। इसी तरह इस प्रक्रिया में कानूनी नियमों, सहमति और निष्पक्षता की अनदेखी बताते हुए सभी 129 अवार्ड को कानूनन अस्तित्वहीन और शून्य करार दिया है। इस तरह से फायनेंस कंपनियों द्वारा इन अवार्ड को लागू कराने के लिए दाखिल की गई सभी निष्पादन याचिकाओं को तत्काल प्रभाव से माननीय न्यायालय ने निरस्त कर दिया है।

### झाड़ियों में मिला नरकंकाल पुलिस करा रही फोरेंसिक जांच

**राहौद।** राहौद के समतला तालाब से लगे खेत में एक नरकंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर कपड़े व चप्पल के आधार पर वहीं के गुम इंसान का कंकाल होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि पुलिस मर्ग कायम कर फारेंसिक जांच करा रही है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसर गुरुवार 18 जून को नगर के वार्ड क्रमांक 14 में स्थित समतला तालाब से लगे खेत में बबूल पेड़ के नीचे नर कंकाल, गमछा , जींस व चप्पल सहित अन्य सामान मौजूद था। कंकाल मिलने खबर नगर में आग की तरह फ़ैल गई और लोगों की भीड़ जुटने लगी। वहीं राहौद पुलिस भी नर कंकाल मिलने की सूचना प्राप्त होते ही घटना स्थल पहुंची और प्रारंभिक जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार नगर के मिट्ठू लाल यादव ने साल भर पहले गुम हुए अपने पुत्र के रूप में नर कंकाल की पहचान की है। मिट्ठू यादव ने घटनास्थल पर मिली जींस पेंट, बेल्ट व कपड़ा के आधार पर अपने पुत्र शिवकुमार यादव की नर कंकाल होने की बात कही है। वहीं राहौद पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम व फारेंसिक जांच के लिए कंकाल को बिलासपुर भेज दिया है।

# पेयजल संकट पर फूटा जनाक्रोश नगर पालिका कार्यालय का घेराव



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते पार्षद व नगरवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर में पेयजल संकट से जूझ रहे नागरिकों के सब्र का बांध टूट गया। आक्रोशित शहरवासी बड़ी संख्या में एकजुट होकर नगरपालिका कार्यालय पहुंचे और जमकर नाराजगी जाहिर करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान पेयजल संकट से निजात दिलाने आवेदन सौंपा। साथ ही शीघ्र पहल नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी।

गौरतलब है कि जून के महीने में पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बीच नगर के आधे से अधिक हिस्से में पानी की आपूर्ति चरमरा गई है, जिससे नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि कई वार्डों में 24 घंटे बीत जाने के बाद भी नलों में पानी की एक बूंद तक नहीं पहुंच रही, जबकि कुछ क्षेत्रों के लोगों को रात 2 से 3 बजे तक जागकर पानी भरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। नगर पालिका की लचर एवं अव्यवस्थित जलापूर्ति व्यवस्था के खिलाफ सोमवार को नागरिकों का आक्रोश खुलकर सामने आया। वार्डवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी कार्यालय पहुंचकर घेराव किया और तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका प्रशासन जल संकट जैसी गंभीर समस्या के प्रति पूरी तरह उदासीन बना हुआ है।

## खबर संक्षेप



### कटघोरा सांस्कृतिक भवन में तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर का शुभारंभ

**कोरबा।** केन्द्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकासखंड एवं नगर पालिका के संयुक्त तत्वावधान में कटघोरा सांस्कृतिक भवन में आयोजित तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर में शामिल होकर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने नागरिकों की समस्याओं एवं विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदनों की जानकारी प्राप्त की। शिविर के प्रथम दिवस कुल 79 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। यह शिविर आमजन को सरकारी सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग, विधायक प्रतिनिधि अमित जायसवाल, पार्षद अजय गर्ग, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष राम प्रसाद कोराम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती हेतु आवेदन 30 तक

**कोरबा।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत स्टाफ नर्स के 6 पदों, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट के 13 पद, ड्रेसर के 4 पदों, फार्मासिस्ट के 6 पद, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला के 5 पद, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष के 9 पदों पर संविदा भर्ती हेतु पात्र इच्छुक अभ्यार्थियों से 30 जून को शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के शासकीय वेबसाईट में उपलब्ध है। जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग प्रदर्शन कार्यक्रम का होगा आयोजन

**कोरबा।** जिले में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग प्रदर्शन का जिला स्तरीय कार्यक्रम देवी अहिल्या बाई होलकर कन्वेंशन हॉल रजगामार रोड जिला जेल के पास प्रातः 7 से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारी तय करते हुए प्राप्त दायित्वों का कुशलता से निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। इस कार्यक्रम हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम को नोडल अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आयुष अधिकारी एवं उप संचालक समाज कल्याण विभाग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## निधन

### रामकिशन अग्रवाल



**कोरबा।** समाजसेवी, व्यवसायी व तुलसी ऑटो प्रतिष्ठान के संचालक रामकिशन अग्रवाल का शुक्रवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे नाती पोतों से भरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार टीपी नगर स्थित मोतीसागरपारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### श्रीमती धर्मशीला सिंह



**कोरबा।** पावर हाईट्स कॉलोनी निवासी रणविजय सिंह की माता श्रीमती धर्मशीला सिंह (68 वर्ष) का निधन हो गया है। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार 20 जून को दोपहर 12 बजे पोड़ीबहार स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

कोरबा मार्केट

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ) केवल महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकती हैं।
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
9993000683
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

## विकसित भारत के संकल्प और जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों से रूबरू हुए नागरिक

# केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को प्रदर्शित करती तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी



प्रदर्शनी में शामिल बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कोरबा नगरीय क्षेत्र के स्मृति उद्यान के समीप आयोजित तीन दिवसीय भव्य छायाचित्र प्रदर्शनी संपन्न हुआ। प्रदर्शनी के अंतिम दिवस जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, विद्यार्थियों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की।

प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे वरिष्ठ नागरिक अवध राम, त्रिभुवन लाल यादव, एम.आर. राठौर एवं गिरीश दुबे ने छायाचित्र प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में हुए उल्लेखनीय परिवर्तनों की विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि छायाचित्रों, तथ्यों एवं प्रदर्शित सामग्री के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं के सकारात्मक प्रभावों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। ऐसी प्रदर्शनी नागरिकों को शासन की उपलब्धियों एवं विकास कार्यों से जोड़ने के साथ-साथ जनजागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रदर्शनी अवलोकन को पहुंचे कोरबा के गोरेलाल साहू ने छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, किसानों की आय वृद्धि तथा आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। उन्होंने नागरिकों से शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर पात्रतानुसार उनका लाभ उठाने का आग्रह किया। इसी प्रकार नगरवासी उमेष कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते 12 वर्षों में विकास, सुशासन, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, सामाजिक सुरक्षा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। आज भारत विश्व पटल पर एक सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं से किसानों, महिलाओं, युवाओं, श्रमिकों तथा वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है और देश विकसित भारत के संकल्प की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना तथा आरडीएसएस योजना सहित विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### भाजपा महिला मोर्चा ने आयोजित किया कार्यक्रम



भारतीय जनता पार्टी मंडल हरदीबाजार में महिला मोर्चा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति स्वर्णकार के निर्देशानुसार एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल के मार्गदर्शन में महिला मोर्चा हरदीबाजार मंडल अध्यक्ष श्रीमती अमृता यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा विधानसभा विधायक प्रेमचंद पटेल एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति स्वर्णकार विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा समर्पण सुशासन और विकसित भारत के संकल्प का स्वर्णिम अध्याय हैं। इस गौरवशाली उत्सव को और अधिक खास बनाने के लिए भाजपा महिला मोर्चा द्वारा विभिन्न रचनात्मक और जनकल्याण से जुड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आकर्षक और भव्य रंगोलियों के जरिए मोदी सरकार की योजनाओं और भारतीय संस्कृति को उकेरा गया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार द्वारा देश के विकास के लिए किए जा रहे ऐतिहासिक कार्यों और आम जनमानस के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी उपस्थित जनसमूह के साथ साझा की गई। इस अवसर पर भाजपा और महिला मोर्चा के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### प्रबुद्धजनों से जनसंपर्क कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने व्यक्त किया आभार



भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे 12 साल बेमिसाल विश्वास, विकास , सुशासन और जनकल्याण अभियान के अंतर्गत प्रदेश एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के आह्वान पर एवं कोसाबाड़ी मंडल में पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा वरिष्ठ एवं प्रबुद्धजनों से जनसंपर्क कर उन्हें साधुवाद एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर मंडल के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के प्रतिष्ठित चिकित्सकों, व्यवसायियों, साहित्यकारों एवं समाजसेवियों से भेंट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी साझा की तथा राष्ट्र निर्माण में उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान जिले के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. के सी देवनाथ, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हरीश नायक, डॉ. एस.के. अग्रवाल, दंत चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहे डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ अनुराग शर्मा,नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ दानी, आयुर्वेद एवं समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा, नाकोड़ा ज्वैलर्स के संचालक, समाजसेवी एवं स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद सोनी एवं उनकी धर्मपत्नी तथा रौनक टेंट के संचालक राजपाल सहित अनेक सम्मानित नागरिकों से संपर्क किया गया।

### पोलियो अभियान को सफल बनाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कोरबा।** कलेक्टर ने पल्स पोलियो अभियान के लिए जिला टॉस्क फोर्स की बैठक में पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा पल्स पोलियो अभियान की तैयारी के संबंध में जानकारी लेते अभियान की सफलता हेतु पूर्ण तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस हेतु मैदानी अमलो में जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक पीने से वंचित नही होना चाहिए, सभी अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने सभी सीईओ जनपद व सीएमओ नगरीय निकायो को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो में पल्स पोलियो अभियान की व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षा व महिला व बाल विकास को भी स्कूल व आंगनबाड़ी के माध्यम से बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने के निर्देश दिए।

### जिले में 26 जून तक दिया जाएगा नशामुक्ति का संदेश

**कोरबा।** जिले में 17 से 26 जून तक नशा मुक्त भारत सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। अभियान के अंतर्गत जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में विविध जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए सामूहिक शपथ, पोस्टर निर्माण, निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक तथा संवादात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से समाज में नशामुक्ति के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने का प्रयास किया जाएगा।

## पहाड़ी-वनांचल में बोर खनन, सबमर्सिबल और टंकी के लिए 2-2 लाख की मंजूरी लेकिन काम अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिला खनिज न्यास मद से बोर खनन, सबमर्सिबल पंप, सिंटेक्स स्थापना कार्य पर लाखों खर्च होने के बाद भी पाली जनपद के पहाड़ी-वनांचल गांव प्यासे है। किसी पंचायत ने सिस्टम स्थापित कर दिया लेकिन विद्युत कार्य नहीं कराने से ग्रामीणों को पेयजल का लाभ नहीं मिल रहा तो कई पंचायतें ने पहली किश्त की राशि निकाल ली है पर काम एक ढेला का नहीं कराया है। उक्त निर्माण से जनपद सीईओ को भी दूर रखे जाने की जानकारी प्राप्त हुई है, ऐसे में गबन की आशंका बढ़ गई है।

तत्कालीन कलेक्टर अजीत वसंत ने 6 माह पूर्व पहाड़ी और वृहद वनांचल वाली ग्राम पंचायतें - पहाड़गांव, बारीउमराव, रतखण्डी, जेमरा व कोडार में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल सुनिश्चित कराने डीएमएफ मद से बोर खनन, सबमर्सिबल पंप व सिंटेक्स कार्य के लिए 2- 2 लाख की स्वीकृति दी थी तथा मांग के अनुरूप उक्त पंचायतों में यह कार्य एक से अधिक स्थानों पर कराए जाने थे। लेकिन किसी पंचायत में अधूरे काम तो कहीं काम की शुरुआत ही नही हुई है। ग्राम पंचायत पहाड़गांव के आश्रित मोहल्ला चोरकाडांड़ में एक- डेढ़ माह पूर्व डीएमएफ मद के 2 लाख से बोर खनन, सबमर्सिबल पंप, सिंटेक्स टंकी की स्थापना कर दी गई, किंतु जिम्मेदार सरपंच- सचिव द्वारा विद्युत कनेक्शन नही कराने से सिस्टम चालू नही हुआ व योजना ठप पड़ी है और भीषण गर्मी में भी आज पर्यन्त ग्रामीणों को पेयजल का एक बूंद लाभ नही मिल पाया है। तस्वीर में दिख रहा है कि 1 हजार लीटर का सिंटेक्स और सबमर्सिबल बोर बिना बिजली के शोपीस बना हुआ है। इसे लेकर चोरकाडांड़ के ग्रामीणों का कहना है कि एक- डेढ़ महीने से टंकी- पाइप लगा देख रहे है, सोचें शुद्ध पानी मिलेगा, लेकिन बिजली ही नही जोड़ी गई है। गर्मी में जान निकल रही है, 2 लाख खर्च हो गए, पर हम प्यासे के प्यासे बोर व पानी टंकी को ताक रहे है। ग्रामीणों ने सरपंच धरम सिंह खुसरो एवं सचिव शिवराम निषाद से अनेकों बार बोर में विद्युत कनेक्शन कराकर पेयजल आपूर्ति शुरू करने मांग की, पर उनकी बातों को लगातार अनसुना करते आ रहे है। ऐसे में जब 2 लाख खर्च कर बोर- पंप- टंकी लग जाए और फिर भी लोग प्यासे रहें तो यह जिम्मेदारों के कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। सूत्रों के मुताबित अन्य पंचायतें ने डीएमएफ से प्रथम किश्त की राशि महीनों पूर्व आहरित कर ली है, लेकिन मौके पर एक ढेला काम नही कराया है। आशंका जताई जा रही है कि राशि हड़पने का प्रयास किया जा रहा है।

## कन्या आश्रम रजकम्मा में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



नए शैक्षणिक सत्र के शुरुवात में शासकीय प्राथमिक शाला कन्या आश्रम में उपसरपंच हेमलाल अहीर के मुख्य आतिथ्य एवं नोडल प्रभारी पुष्पक साहू की अध्यक्षता तथा वरिष्ठ व्याख्याता विनोद जायसवाल, सीएसी जीवन सिंह मरकाम, रामरतन अहीर पंच के विशिष्ट आतिथ्य में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम कक्षा पहिली में नवप्रवेशी बालिका प्रियांशी, तनीषा, दुर्गेश्वरी एवं हिनाक्षी का तिलक रोली लगाकर स्वागत किया गया। उपस्थित अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने छात्र छात्राओं का मुँह मीठा कराकर स्कूल यूनिफॉर्म और पाठ्यपुस्तक भेंट किया। मुख्य अतिथि हेमलाल ने सभी बच्चों को नियमित विद्यालय आने को कहा। अध्यक्षता कर रहे पुष्पक साहू ने शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को बताया। वरिष्ठ व्याख्याता विनोद जायसवाल ने पालकों एवं जनप्रतिनिधियों को विद्यालयीन गतिविधियों में सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। सीएसी जीवन सिंह मरकाम ने आनंद और खेलकूद से पाठ्यक्रम को सहजता के साथ सीखने के गुण बताए। प्रवेशोत्सव के उपरांत विद्यार्थियों, पालकों, जनप्रतिनिधियों सहित सभी स्टाफ के लिए प्रधानपाठक के द्वारा न्योता भोज की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक रवि चंद्रा ने किया। इस अवसर पर अनिता सागर एसएमसी अध्यक्ष शिक्षाविद रितु शर्मा, प्रभा लकरा प्रधानपाठक, लोकेश्वरी वैष्णव, सोनम यादव, पुष्पा सागर, संतोष वर्मा, निर्मल पटेल, जैतराम ध्रुव, प्रफुल्ला भगत, श्रद्धा शर्मा, नीता खाण्डे, अनिल कंवर, बंधन धीरहे, राकेश शिवालय, विमलेश्वरी सहित पालक उपस्थित रहे।

## यह केवल एक परीक्षा का मुद्दा नहीं, देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य का सवाल : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पत्रकारवार्ता के दौरान पूर्व मंत्री एवं अन्य कांग्रेसी।

यह केवल एक परीक्षा का मुद्दा नहीं बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य का सवाल है, कांग्रेस पार्टी छात्रों और युवाओं के साथ खड़ी है। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। देश का युवा मेहनत करना चाहता है, अवसर चाहता है

**खास बात**

- नीट पेपर लीक को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरा

और निष्पक्ष व्यवस्था चाहता है लीक और भर्ती घोटालों से युवाओं के सपनों को कुचलने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया कांग्रेस पार्टी युवाओं की आवाज बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहेगी।

उक्त बातें पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कही। दरअसल नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार पर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि नीट की परीक्षा देने जितने भी छात्रों ने एजुकेशन लोन लिया है वह सारे लोन माफ किया जाए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पद से इस्तीफा नहीं दे रहे यह शर्मनाक और दुखद है। इस दौरान पूर्व राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने राहुल गांधी के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 17 जून को राजस्थान के कोटा में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम के तहत 45 मिनट छात्रों एवं अभिभावकों से वार्ता किया राहुल गांधी ने कहा छात्रों की गूंज सिर्फ़ अभियान नहीं एक क्रांति है। छात्रों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया गया। हमें एक ऐसी व्यवस्था बनानी है जो छात्रों को बड़े सपने देखने का हक़ दे और आपकी जिंदगी गिरवी रखे बिना, उन्हें पूरा करने में उनका साथ दे और आने वाले समय में पेपर लीक, परीक्षा रद्द हो जाना, किसी भी भर्ती में देरी, भर्ती रद्द हो जाना जैसी समस्या ना आने पाए। श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के युवाओं और छात्रों के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर लगातार आवाज उठा रही है। नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार पेपर लीक की घटनाएं युवाओं के साथ अन्याय हैं। भाजपा सरकार परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने में पूरी तरह विफल रही है। नीट परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों ने लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों को चिंता में डाल दिया है।

## वार्ड में पानी की किल्लत दूर करने खुद मोर्चा संभाला पार्षद ने



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वार्ड क्रमांक 40 में पानी की समस्या से जूझ रहे नागरिकों को राहत पहुँचाने के लिए जनप्रतिनिधि धरातल पर उतरकर काम कर रहे हैं। बालको नगर के वार्ड क्र. 40 में इन दिनों कुछ ऐसा ही जनसेवा का अनोखा उदाहरण देखने को मिल रहा है, जहाँ स्थानीय वार्ड पार्षद रजत खूंटे खुद रात के 10 बजे तक जागकर वार्ड वासियों की चिंता कर रहे हैं। गर्मी के कारण वार्ड के कई हिस्सों में पानी का संकट गहरा गया है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए पार्षद रजत खूंटे अपनी पूरी टीम के साथ सक्रिय हैं। वार्ड वासियों को पीने और निस्तारी के पानी की कमी न हो, इसके लिए वे देर रात तक खुद खड़े रहकर पानी के टैंकरों के माध्यम से घर-घर तक मदद पहुँचा रहे हैं।

**न्यायालय तहसीलदार बरपाली जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ / अ-6 वर्ष 2025-26
ग्राम - गिधौरी, प.ह.नं. 25,
तहसील-बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/क्रेता बिलीवर्स चर्च इंडिया, बिशप हाउस, सेन्ट थॉमर्स नगर पुन्नाकुन्नम मूरी, कुट्टाप्पुझा-विलेज, थिरूवल्ला तालुक, पथनमथिट्टा, जिला, राज्य केरला, की ओर से मैनेजिंग ट्रस्टी बिशप डॉ. सामुएल मैथ्यू, पिता मैथ्यू जाति इसाई की ओर से मुख्तयार आम धनंजय कुमार वर्मा पिता रामलाल वर्मा बिलीवर्स चर्च बाइबल कॉलेज गनियारी रोड मंगला, बिलासुपर (छ.ग.) द्वारा ग्राम गिधौरी प.ह.न. 25 तहसील बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 1182/1 में से रकबा 0.462 हे. भूमि को पंजीकृत रजिस्ट्री पेपर दिनांक 02.03.2016 के माध्यम से क्रयशुदा भूमि को पंजीकृत रजिस्ट्री पेपर दिनांक 02.03.2016 के आधार पर क्रेता बिलीवर्स चर्च इंडिया, बिशप हाउस, सेन्ट थॉमर्स नगर पुन्नाकुन्नम मूरी, कुट्टाप्पुझा-विपेज, थिरूवल्ला तालुक, पथनमथिट्टा, जिला, राज्य केरला के नाम पर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था/ समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो इस न्यायलय में दिनांक 25/06/2026 तक न्यायालयीन समय में दावा/ आपत्ति पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**बरपाली, जिला कोरबा (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### डीएमएफ मद में लंबित भुगतानों को लेकर जनपद सदस्यों में आक्रोश

**कोरबा।** जिले में जिला खनिज संस्थान न्यास मद के तहत स्वीकृत और पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों के भुगतान को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। जनपद सदस्यों द्वारा निर्माण कार्यों की यूनिक वर्क आईडी की मांग किए जाने के मामले में नया मोड़ आ गया है। आरोप है कि जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जिला प्रशासन और कलेक्टर को गुमराह करते हुए गलत जानकारी भेजी गई है, जिससे जनपद सदस्यों में भारी नाराजगी है। उल्लेखनीय है कि जनपद सदस्यों ने क्षेत्र में पूर्ण हो चुके विभिन्न निर्माण कार्यों की वर्क आईडी की आधिकारिक जानकारी मांगी थी। जिस तरह मनरेगा के तहत हर छोटे-बड़े कार्य की एक विशिष्ट आईडी होती है, ठीक उसी तरह डीएमएफ मद के कार्यों की भी आईडी होती है। सदस्य इस आईडी के जरिए यह पता लगाना चाहते थे कि आखिर कार्य पूर्ण होने के बावजूद ठेकेदारों और मजदूरों का भुगतान अब तक क्यों लंबित है और फाइलें किस स्तर पर अटकी हुई हैं। मामले में हास्यास्पद और गंभीर स्थिति तब पैदा हो गई जब जनपद सदस्यों को जानकारी देने के बजाय, जनपद सीईओ द्वारा जिला प्रशासन (कलेक्टोरेट) को एक अजीबोगरीब जवाब भेज दिया गया। सूत्रों के मुताबिक सीईओ ने कलेक्टर को दिए जवाब में कार्यों की वर्क आईडी के बजाय खुद जनपद सीईओ की आईडी मांगे जाने का उल्लेख कर दिया। जनपद सदस्यों का आरोप है कि लंबे समय से जानकारी दबाकर रखी जा रही है। भुगतान न होने के कारण धरातल पर विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और स्थानीय स्तर पर असंतोष बढ़ रहा है।

### ट्रैक्टर से ढहाई किसान की बाउंड्रीवॉल, विरोध करने पर दी धमकी

**कोरबा।** कुसमुंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भैरोताल (कपाटमुड़ा) में शुक्रवार की एक व्यक्ति ने एक स्थानीय किसान की निजी स्वामित्व वाली बाउंड्री वॉल को ट्रैक्टर से टक्कर मारकर जमींदोज कर दिया घटना के बाद जब पीड़ित परिवार ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने सरेआम परिवार धमकी देने लगा। जानकारी के अनुसार प्रार्थी दुबे लाल पटेल पिता रूपसाय उम्र लगभग 40 वर्ष जो कि ग्राम भैरोताल के स्थाई निवासी हैं के घर के बाहर उनकी निजी स्वामित्व की बाउंड्री वॉल बनी हुई थी उक्त भूमि और रास्ते को लेकर पूर्व में ही राजस्व विभाग के पटवारी एवं आरआई द्वारा ग्रामीणों की मौजूदगी में विधिवत मौका जांच व सीमांकन किया जा चुका था सरकारी जांच रिपोर्ट में यह पूरी तरह स्पष्ट हो चुका था कि वहां कोई आम रास्ता नहीं है और प्रार्थी द्वारा बनाई गई दीवार व बाउंड्री वॉल कानूनी रूप से पूरी तरह वैध है। इसके बावजूद 18 जून की सुबह लगभग 8:30 बजे गांव का ही दबंग हीरालाल पटेल पिता फेकूराम पटेल अपने ट्रैक्टर के साथ वहां पहुंचा बताया जाता है कि आरोपी हीरालाल पूर्व में जिला बदर भी रह चुका है और उसकी छवि अत्यंत हिंसक व आपराधिक रही है आरोपी ने बिना किसी डर के प्रार्थी की वैध दीवार पर सीधे ट्रैक्टर चढ़ा दिया और टक्कर मारकर उसे पूरी तरह ध्वस्त कर भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया।

### राखड़ डंपिंग से स्कूल-अस्पताल और बाजार हो रहा प्रदूषित

**कोरबा।** ग्राम पंचायत गुरसिया में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) से लगे मुख्य मार्ग के किनारे शासकीय भूमि पर खुलेआम राखड़ (फ्लाई ऐश) डंपिंग का मामला एक बार फिर सामने आया है। क्षेत्र में बड़ी मात्रा में राखड़ के ढेर जमा होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नियमों और पर्यावरणीय मानकों की अनदेखी करते हुए खुले स्थान पर राखड़ डंप की जा रही है, जिससे आसपास के इलाकों में प्रदूषण फैलने लगा है। मौके पर दिखाई दे रही तस्वीरों में भारी वाहनों से राखड़ गिराई जाती नजर आ रही है। जिस स्थान पर डंपिंग की जा रही है, उसके समीप साप्ताहिक बाजार लगता है। इसके अलावा पास ही एक अस्पताल और सरस्वती शिशु मंदिर संचालित है। आसपास घनी आबादी वाली बस्ती होने के कारण बड़ी संख्या में लोगों का प्रतिदिन आवागमन बना रहता है। ऐसे में उड़ती राखड़ बच्चों, मरीजों, बुजुर्गों और राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रही है।

# छात्रावास में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए डॉक्टरों से अनुबंध का काम बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आदिवासी विकास विभाग के आश्रम छात्रावास के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए पूर्व से चली आ रही निजी चिकित्सकों से अनुबंध की प्रक्रिया अब बंद कर दी गई है। शासन के नए प्रावधानों के तहत जिन आश्रम छात्रावास के 20 किमी के दायरे में स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं वहां चिकित्सकों से अनुबंध नहीं किए जाएंगे।

जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में 183 प्री व पोस्ट मैट्रिक आश्रम छात्रावास संचालित हैं जहां 5 हजार से अधिक बच्चे प्रतिवर्ष प्रवेश लेते हैं इनके स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आदिवासी विकास विभाग के द्वारा निजी चिकित्सकों से एक मुश्त राशि के अंतर्गत अनुबंध किया जाता था जिनके द्वारा सप्ताह में दो दिन आश्रम छात्रावास पहुंचकर छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां दी जाती थी। अब इस प्रक्रिया को बंद कर दिया गया है। राज्य शासन से मिले नए निर्देशों के तहत जिन आश्रम छात्रावासों के 20 किमी के दायरे में अगर स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं तो उन छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य केंद्रों में ही किया जाएगा। इसके लिए अलग से चिकित्सकों से अनुबंध करने की जरुरत नहीं है। शासन से आए इस नए निर्देश के तहत अब किसी भी चिकित्सक से अनुबंध की प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। इसी तरह शहरी क्षेत्रों में संचालित आश्रम छात्रावास के छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना अंतर्गत चलने वाली एंबुलेंस से ही स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। यह एंबुलेंस शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में प्रतिदिन भ्रमण कर सप्ताह में दो दिन आश्रम छात्रावास परिसर पहुंचकर छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण करती है।

#### शहरी क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की पहुंचती है एंबुलेंस

**खास बात**

- उप स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप संचालित हैं आश्रम छात्रावास




#### अनुबंध की प्रक्रिया समाप्त

आश्रम छात्रावास में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हेतु चिकित्सकों से किए जाने वाला अनुबंध का काम बंद कर दिया गया है। शासन के प्रावधानों के तहत आश्रम छात्रावासों के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य विभाग में ही होगा। इसी तरह जिले में इस वर्ष नए आश्रम छात्रावास खोलने के संबंध में शासन स्तर से कोई निर्देश नहीं मिले हैं।

**- श्रीकांत कसेर**
सहायक आयुक्त आदिवासी विकास

#### नहीं खुलेंगे नया आश्रम छात्रावास

जिले में इस वर्ष नया आश्रम छात्रावास नहीं खुलेंगे। विभाग के प्रस्ताव पर कोई निर्णय नहीं हुआ है। इसी तरह 50 सीटर आश्रम छात्रावास को बढ़ाकर सौ सीटर किए जाने वाले प्रस्ताव पर भी किसी तरह की निर्णय नहीं लिया गया है। जबकि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने छात्रों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर सीट बढ़ाने के लिए राज्य शासन को पत्र लिखा था। जिसमें जिले में संचालित आदिवासी विकास विभाग में संचालित आश्रम छात्रावास तथा स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत चलने वाले कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में भी सौ सीटर को बढ़ाकर दो सौ सीटर करने का उल्लेख था। रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने इस संबंध में शासन प्रशासन को पत्र लिखा था।

## पाड़ीमार जोन का मामला, बालको थाना में दर्ज कराया गया प्रकरण

# बिजली चोरों पर विद्युत विभाग का डंडा, बाल्को क्षेत्र में 10 उपभोक्ता पकड़े गए, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के पाड़ीमार जोन अंतर्गत आने वाले बाल्को क्षेत्र में विद्युत विभाग ने बिजली चोरी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की सतर्कता टीम ने छापेमारी कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे 10 उपभोक्ताओं को रंगे हाथों पकड़ा है। इन सभी आरोपियों के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि बिजली चोर अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं ऐसे बिजली चोरों के खिलाफ विद्युत वितरण विभाग की टीम लगातार कार्यवाही कर रही है। विद्युत विभाग के पाड़ीमार जोन के एई कृष्ण कुमार जोशी को पिछले कुछ समय से बाल्को और आसपास के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने क्षेत्र में अचानक दबिश दी जहां बिजली चोरी करते हुए दस लोगों को पकड़ा गया है। जांच के दौरान अधिकारी तब हैरान रह गए जब उन्होंने देखा कि कई घरों और परिसरों में मुख्य लाइन से सीधे कटिया (अवैध तार) मारकर बिजली खींची गई थी। कुछ जगहों पर मीटर से छेड़छाड़ के मामले भी सामने आए। टीम ने मौके से भारी मात्रा में अवैध तार और उपकरण जब्त किए हैं। बताया जाता है कि विद्युत विभाग की टीम ने सभी बिजली चोरों के खिलाफ विशेष प्रकरण बनाकर धारा 138, 135 के तहत मामला दर्ज कर मामले को न्यायालय में पेश किया है।



अवैध हूकिंग करते हुए। (फाइल फोटो)

#### बिजली चोरों के खिलाफ शिकंजा

विद्युत वितरण विभाग के डीई राजेश चौहान के निर्देश पर विद्युत वितरण विभाग द्वारा बिजली चोरों के खिलाफ शिकंजा कसने का प्रयास कर रही है ताकि लाईन लॉस को कम किया जा सके। बिजली चोरी से ना केवल राजस्व का नुकसान होता है, बल्कि ओवरलोडिंग के कारण ईमानदार उपभोक्ताओं को भी लो-वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या झेलनी पड़ती है। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। बिजली चोरी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उपभोक्ता अवैध कनेक्शनों से दूर रहें और वैध मीटर लगवाकर ही बिजली का उपयोग करें। सभी 10 आरोपियों पर जुर्माना लगाने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई की जा रही है, ताकि क्षेत्र में बिजली चोरी पर पूरी तरह से लगाम लगाई जा सके।

#### इनके खिलाफ दर्ज किया गया मामला

विद्युत विभाग के अधिकारी कृष्ण कुमार जोशी ने बताया कि बालको क्षेत्र में बिजली चोरी के दस प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिसमें रामचरण वस्त्रकार, लक्ष्मीकांत शर्मा, जयनाथ प्रसाद, श्रीमती कुरेशा खातुन, प्रमोद टंडन, रमीन बाई, बाबा फरीद, फमिद्रा खातुन, रेखा गुप्ता शामिल हैं। विद्युत विभाग के टीम ने इन सभी उपभोक्ताओं के घरों में छापामारी की कार्यवाही की थी जिसमें रामचरण वस्त्रकार के खिलाफ दो मामले दर्ज किए गए हैं जिसमें एक मामले में 1 लाख 34 हजार 578 रुपए तथा दूसरे प्रकरण में 1 लाख 42 हजार 442 रुपए बिल ठोका गया है। इन सभी उपभोक्ताओं के घर से लाखों का बिजली चोरी का मामला सामने आया है कुल 10 उपभोक्ताओं के घर से लगभग 10 लाख से अधिक की बिजली चोरी पकड़ी गई है। सभी मामले थाना बालको में दर्ज की गई है। जिसमें धारा 138, 135 शामिल हैं।

#### मामला कराया गया दर्ज

पाड़ीमार जोन अंतर्गत आने वाले बालको क्षेत्र में बिजली चोरी की शिकायत पर टीम ने दबिश दी थी जहां दस उपभोक्ताओं द्वारा बिजली चोरी की जा रही थी सभी मामलों में प्रकरण तैयार कर बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ धारा 138, 135 के तहत मामला दर्ज कराया गया है।

**- कृष्ण कुमार जोशी,** एई, पाड़ीमार जोन

# फिल्टर चौक में स्ट्रीट लाइट की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रजगामार

समाजसेवी संगठन जन चिंतक मंच ने रजगामार कोलियरी क्षेत्र के मुख्य स्थल फिल्टर चौक में अंधेरे और सुरक्षा की समस्या को लेकर गुरुवार को उपक्षेत्रीय प्रबंधक रजगामार कोलियरी को ज्ञापन सौंपा है। संगठन के प्रमुख अरुण कुमार सरकार ने बताया कि फिल्टर चौक रजगामार का मुख्य चौक है जो शाम होते ही यहां पर्याप्त रोशनी ना होने से महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वर्तमान में बिजली अपर्याप्त हैं, जिससे चोरी, दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। संघ ने मांग की है कि जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फिल्टर चौक के पास स्थित पीपल के पेड़ या उसके बगल वाले खंभों पर 2-3 उच्च क्षमता वाली एलईडी स्ट्रीट लाइटें अविलंब लगाई जाएं, ताकि चौक पूर्ण रूप से प्रकाशित रहे। एसईसीएल प्रबंधन ने संगठन को विश्वास जताया है कि इस जनसमस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान खिलावन पटेल, यशवंत कुमार अग्रवाल एवं सुरेंद्र उपस्थित रहे।

### राज्य महिला आयोग की सुनवाई 25 जून को

**कोरबा।** जिले में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित जिले से प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई आयोग की गठित न्यायपीठ द्वारा अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, संभाग प्रभारी श्रीमती सरला कोसरिया, सह प्रभारी श्रीमती प्रियवन्दा सिंह जूदेव द्वारा की जाएगी। यह सुनवाई कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 25 जून को प्रातः 11 बजे से की जाएगी।

# समाज में मिलाने के नाम पर दंपति से लाखों की डिमांड, चार लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक युवती ने आर्य समाज के मंदिर में विवाह किया था जो दोनों सजातीय थे लेकिन समाज के कुछ लोगों ने युवक व युवती को एक ही गोत्र का हवाला देकर समाज में शामिल करने के नाम पर लाखों रुपए की मांग थी और समाज से बहिष्कृत करने का फरमान सुनाया था। इस मामले में न्यायालय ने पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था जिसपर शुक्रवार को पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामले की जांच शुरु कर दी है।

ठेका कंपनी में काम करने वाले युवक ने रायपुर स्थित आर्य समाज के मंदिर में सजातीय युवती से शादी रचाई थी। यह बात समाज के कुछ लोगों को रास नहीं आई। उन्होंने युवक और युवती को एक ही गोत्र का हवाला देते हुए सामाजिक बहिष्कार का फैसला सुना दिया था और उन्होंने समाज में शामिल करने के नाम पर 2 लाख ले लिए थ। इसके बाद भी पे बाज नहीं आये और पीड़ित दंपति से पुनः 3 लाख की मांग करने लगे। जिसके उपरांत पीड़ित ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से मामले को न्यायालय में परिवाद दायर किया था जहां मामले की सुनवाई हुई थी और न्यायालय ने एफआईआर का आदेश दिया। नगर पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय के आदेश पर जशपुर निवासी शेखर बंजारा, महेंद्र बंजारा, श्यामलाल बंजारा, नंद किशोर बंजारा के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पंजीबद्ध कर लिया है।

**खास बातें**

- न्यायालय के आदेश पर सिविल लाइन पुलिस ने दर्ज किया अपराध
- एक ही गोत्र का हवाला देकर समाज में शामिल करने से किया मना

### राजस्व अनुविभाग स्तर पर 20 जून तक आयोजित होंगे शिविर

**कोरबा।** राजस्व अनुविभाग (सब-डिवीजन) स्तर पर 18 से 20 जून तक 3-दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में मुख्य रूप से पात्र नागरिकों के नए पंजीकरण, त्रुटि सुधार और समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निवारण किया जाएगा। इसी कड़ी में अनुविभाग अंतर्गत षिविर नगर निगम पं. जवाहर लाल नेहरू सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। इन शिविरों में आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्यघर, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलजीवन मिशन, पीएम कौशल विकास योजना और विभिन्न पेंशन योजनाओं के विशेष काउंटर लगाए जाएंगे। इन काउंटरों पर नए पंजीयन के साथ ही त्वरित सुविधा लाभ देने की शासकीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय प्रशासन ने सभी पात्र नागरिकों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित होकर इस विशेष अभियान का लाभ उठाने की अपील की है।

# विद्युत कंपनी में पुरानी पेंशन हेतु सामूहिक प्रयास जरूरी : चेट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में कार्यरत लगभग 9 हजार कर्मचारी-अधिकारी पुरानी पेंशन लागू नहीं होने से चिंतित है लेकिन एकजुट नहीं है। कर्मचारी संगठन पुरानी पेंशन की मांग को लेकर संगठित नहीं है। पुरानी पेंशन वर्ष 2004 के बाद नियुक्त कार्मिकों की सामाजिक सुरक्षा और भविष्य से जुड़ा है। इसे लागू कराने के लिए अब संगठनों को श्रेय लेने की दौड़ से हटकर सामूहिक रूप से एक मंच पर आकार संघर्ष करना होगा।

उक्त बातें छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन-01 के महासचिव आर0सी0 चेट्टी ने कर्मचारियों के मध्य व्यक्त करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आपातकालिन सेवा व जोखिम वाले विद्युत उद्योग में कार्यरत कर्मचारी-अधिकारी पुरानी पेंशन लागू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे है। वहीं इस योजना का लाभ शासन के शासकीय कार्यालयीन, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित नगरीय निकाय के लगभग 2 लाख 92 हजार से अधिक कर्मचारी को मिल रहा है।



आर सी चेट्टी

छत्तीसगढ़ को लगातार राष्ट्र में विद्युत क्षेत्र में अग्रणी रखते हुए राज्य के विकास को गति देने वाले विद्युत विभाग कर्मी की सेवा का कोई मूल्यांकन नहीं कर कर उन्हें शिक्षाकर्मियों से भी बदतर समझा जा रहा है। श्री चेट्टी ने कहा कि पूर्व सरकार ने वर्ष 2022 में ही पुरानी पेंशन योजना लागू करने संबंधी अधिसूचना/आदेश जारी कर दिया था एवं इस संबंध में अनेक आदेश जारी कर शासकीय कर्मियों के पेंशन कोष हेतु पेंशन संचालनालय भी बनाया गया है। कंपनी एक्ट के तहत गठित विद्युत कंपनी का 2001 से ही पंजीकृत पेंशन एवं ग्रेच्युटी ट्रस्ट है जिसके माध्यम से वर्तमान में 16 हजार से अधिक पेंशनर पुरानी पेंशन लाभ ले रहे है। शासन की घोषणा अनुरूप कंपनी में पुरानी पेंशन की मांग पर कंपनी प्रबंधन ने अपने पत्र 5 अक्टूबर 2023 से ऊर्जा विभाग छत्तीसगढ़ शासन से सैद्धांतिक सहमति मांगी थी। कंपनी के प्रबंध निदेशक-ट्रांसमिशन कंपनी को ऊर्जा विभाग की ओर से अपने पत्र 6 अक्टूबर 2023 से सहमति पश्चात यह मामला 3 वर्षो से केवल मुद्दा बना हुआ है। कंपनी संचालक मंडल को ही इस पर निर्णय लेना है लेकिन श्रेय लेने के लिए कुछ लोगों ने इसे शासन के पाले में डालकर राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2004 पश्चात विद्युत कंपनी में नियुक्त कर्मचारी-अधिकारी की संख्या एवं एनपीएस अंशदान राशि अलग-अलग कंपनी में क्रमशः इस प्रकार है। वितरण कंपनी में लगभाग कर्मचारी 5 हजार 5 सौ कुल अंशदान 1000 करोड़ रुपए, जनरेशन कंपनी कर्मचारी 2 हजार 5 सौ अंशदान राशि 600 करोड़ रूपए एवं ट्रांसमिशन कंपनी कर्मचारी लगभग एक हजार अंशदान राशि 300 करोड़ जमा है। अर्थात तीनों ही कंपनी के एनपीएस धारक कर्मचारी संख्या लगभाग 9 हजार एवं अंशदान राशि वर्तमान में 1900 करोड़ जमा है। राष्ट्रीय पेंशन योजना भविष्य के लिए सुरक्षित नहीं है, क्योंकि यह बाजार के शेयर पर आधारित है।

## सरकार द्वारा जनविरोधी नीतियों के तहत आम जनता पर डाला जा रहा बोझ

# बढ़ती महंगाई को लेकर सीपीआई ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि राज्य सरकार द्वारा जनविरोधी नीतियों के तहत आम जनता पर एक साथ कई बोझ डाल दिए गए हैं। एक ओर बिजली दरों में 30-50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि कर दी गई तो दूसरी ओर बस किराया में बेतहाशा बढ़ोतरी कर दी गई है।

प्रदेश में रायपुर से बस्तर, बिलासपुर, अंबिकापुर एवं अन्य जिलों तक आवागमन का प्रमुख साधन बस सेवा ही है। ऐसे में किराया बढ़ाना किसान, मजदूर, छात्र, मरीज, छोटे व्यापारी एवं आम जनता की कमर तोड़ने के समान है। पहले से खाद्यान्न, खाद, तेल एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी महंगाई ने जनता की रीढ़ तोड़ दी है। 2014 में जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 105-108 डॉलर/बैरल था तब पेट्रोल 71 रुपए और डीजल 55 रुपए प्रति लीटर था। जून 2026 में कच्चा तेल घटकर 75-80 डॉलर/बैरल है, किंतु पेट्रोल 102-111 रुपए और डीजल 97-104 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। इससे स्पष्ट है कि मूल्यवृद्धि अंतरराष्ट्रीय कारणों से नहीं बल्कि सरकार की भारी कर वसूली एवं कॉरपोरेट परस्त नीतियों का परिणाम है। जनवरी-मार्च 2026 तिमाही में ही आईओसी ने 14458 करोड़ रुपए, एचपीसीएल ने 4902 करोड़ रुपए तथा बीपीसीएल ने 3191 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। एक ओर जनता महंगाई से त्रस्त है, दूसरी ओर सरकारी तेल कंपनियां अभूतपूर्व मुनाफा कमा रही हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के 12 जून के आदेश द्वारा शासकीय विद्यालयों में विशिष्ट धार्मिक मंत्रों को दैनिक गतिविधि में शामिल किया गया है। भारतीय संविधान धर्मनिरपेक्षता, समानता एवं समावेश का पक्षधर है। सरकारी विद्यालय सभी धर्म-समुदाय के बच्चों के हैं। अतः विद्यालयों में संविधान सम्मत, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानवता एवं राष्ट्रीय एकता पर आधारित गतिविधियां ही संचालित की जाएं।

### अवैध शराब के मामले में आरोपी को एक साल की सजा

**कोरबा।** अवैध शराब के प्रकरण में आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे एक वर्ष कारावास व 25 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। मामला कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत दादर पारा निवासी आरोपी संजय बिंझवार पिता बिंदु बिंझवार उम्र 42 वर्ष आबकारी अधिनियम में दोषसिद्ध पाते हुए माननीय न्यायालय कु० रंजू वैष्णव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटघोरा के द्वारा एक वर्ष कारावास एवं 25 हजार रुपए से दंडित किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780